प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 19.03.2025 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. विधानसभा के बजट सत्र के 13 वें दिन की कार्यवाही जारी, भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सत्ता पक्ष के विधायकों ने ही सरकार को घेरा।
2. 18 लाख से ज्यादा लाभुकों के खाते में मंइयां सम्मान योजना की राशि नहीं भेजे जाने पर भाजपा ने राज्य सरकार पर साधा निशाना, ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने किया पलटवार।
3. कोडरमा और हजारीबाग में अपराधियों ने एटीएम काटकर करीब 16 लाख रुपये लूटे, गिरफ्तारी के लिए छापेमारी अभियान तेज।
4. गढ़वा में दो दिवसीय राजकीय श्रीबंशीधर महोत्सव आज से, अब से थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे उदघाटन।

और

**5-** रांची में चल रही राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग में ओडिसा और मणिपुर ने जीते अपने–अपने मैच, आज शाम मेजबान झारखंड का बंगाल से होगा मुकाबला।

*******************

झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के 13 वें दिन आज सदन की कार्यवाही जारी है। राज्य के पेयजल और स्वच्छता विभाग से जुड़ी स्वर्णरखा परियोजना के शीर्ष कार्य प्रमंडल में करोड़ों रुपये की अवैध निकासी के मामले में आज फिर सदन में सत्ता पक्ष के विधायकों ने ही सरकार और विभाग को घेरा। प्रश्न काल के दौरान कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव ने सरकार पर आरोपियों को बचाने का आरोप लगाया।

जवाब में पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री योगेन्द्र प्रसाद ने इस मामले में सरकार द्वारा की गयी कार्रवाई से सदन को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि पूरे मामले की जांच एसीबी को सौंपी गयी है।

*******************

भाजपा ने 18 लाख से ज्यादा लाभुकों के खाते में मंइयां सम्मान योजना की राशि नहीं भेजे जाने पर राज्य सरकार की आलोचना की है। विधानसभा के बाहर पत्रकारों से बातचीत में पार्टी विधायक पूर्णिमा दास ने आरोप लगाया कि सरकार राज्य की 18 लाख महिलाओं का अपमान कर रही है।

इस बीच राज्य की ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने पलटवार करते हुए कहा है कि भाजपा मुद्दा विहीन हो चुकी है। उन्होंने कहा कि मंइयां सम्मान योजना के अयोग्य लाभुकों की जांच की जा रही है। जांच के बाद सभी वास्तविक लाभुकों के खाते में राशि भेजी जायेगी।

*******************

कोडरमा और हजारीबाग में अपराधियों ने एसबीआई के दो एटीएम को काटकर करीब 16 लाख रुपये लूट लिये। पहली घटना कोडरमा के चंदवारा थाना क्षेत्र स्तिथ थाम में हुई। यहां एसबीआई के एटीएम को गैस कटर से काट दिया और एटीएम में रखे 9 लाख 99 हजार 500 कैश अपने साथ ले गए। चंदवारा में घटना को अंजाम देने के बाद हजारीबाग जिले के बरही थाना क्षेत्र के बरसौत में भी इसी तरह एटीएम काटकर 6 लाख 17 हजार रुपये लेकर अपराधी भाग गये। बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल ने बताया कि कोडरमा और हजारीबाग पुलिस संयुक्त रूप से टीम बनाकर मामले की जांच कर रही है।

*******************

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्पेस एक्स के क्रू–9 मिशन के धरती पर सुरक्षित वापसी के लिए नासा की पूरी टीम को बधाई दी है। सोशल मीडिया पर पोस्ट में राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा कि भारत की बेटी सुनीता विलियम्स और उनके साथी अंतरिक्ष यात्रियों ने अपनी दृढ़ता, समर्पण और कभी हार न मानने की भावना से सभी को प्रेरित किया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रू 9 मिशन की पृथ्वी पर सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए अथक परिश्रम करने वालों को बधाई दी और उनके प्रयासों की सराहना की है। सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि सुनीता विलियम्स और क्रू 9 अंतरिक्ष यात्रियों ने एक बार फिर दुनिया को दिखाया है कि दृढ़ता का सही मतलब क्या है।

*******************

गढ़वा जिले के श्री बंशीधर नगर में दो दिवसीय राजकीय श्री बंशीधर महोत्सव आज से शुरू हो रहा है। अब से थोड़ी देर बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन इसका उदघाटन करेंगे। उदघाटन से पहले मुख्यमंत्री बंशीधर मंदिर जायेंगे और पूजा–अर्चना करेंगे। दो दिवसीय समारोह के दौरान राज्य और देश के विभिन्न हिस्सों से आये कलाकार झारखंडी संस्कृति और परंपरा की झलक पेश करेंगे।

*******************

कोडरमा के जयनगर थाना क्षेत्र के अलग अलग इलाकों में लगभग 30 जंगली हाथियों का झुंड प्रवेश कर गया है। हाथियों ने खेतों में लगी फसलों को नुकसान पहुंचाया है। वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जयनगर के केंदुयाटांड से हाथियों के झुंड को बराकर नदी के पार खदेड़ दिया, लेकिन कुछ घंटों बाद हाथियों का झुंड फिर वापस आ गया। रेंजर रविन्द्र कुमार ने बताया कि वन विभाग के द्वारा हाथियों को इलाके से बाहर खदेड़ने के लिए एक्सपर्ट बुलाने की तैयारी की जा रही है।

*******************

खूंटी जिले के रनिया प्रखंड अंतर्गत आने वाला केलो गांव स्वच्छ भारत मिशन का मिसाल बन गया है। विस्तृत ब्योरा दे रही हैं हमारी संवाददाता–

*******************

संक्षिप्त खबरें

- चतरा जिले के टंडवा स्तिथ सीसीएल की आम्रपाली कोल परियोजना ने वित्तीय वर्ष की समाप्ति से 19 दिन पहले ही 22 दशमलव छह तीन मिलियन टन कोयला उत्पादन करने में सफलता प्राप्त की है।
- कोडरमा के डोमचांच थाना क्षेत्र के अंबादाहा जंगल से वन विभाग की टीम ने अवैध ढीबरा खनन में लगे एक कंप्रेशर मशीन को जब्त किया है। हालांकि मौके से खनन माफिया भागने में सफल रहे।
- खूंटी के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने आपराधिक गतिविधियों की समीक्षा की और लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने का निर्देश जिले के पुलिस पदाधिकारियों को दिये।

*******************

राजधानी रांची समेत राज्यभर के मौसम में उतार–चढ़ाव का दौर जारी है। मौसम विभाग के अनुसार आज अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि दर्ज की जा सकती है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद ने बताया कि कल से अगले चार दिनों तक राज्य के कई हिस्सों में ओलावृष्टि हो सकती है और तेज हवा चलेगी।

*******************

रांची में चल रहे राष्ट्रीय महिला हॉकी लीग के अंतिम चरण के मुकाबलों में आज हॉकी एसोसिएशन ऑफ ओडिसा ने हॉकी महाराष्ट्र को एक गोल से पराजित कर दिया। एक दूसरे मैच में मणिपुर ने हॉकी मध्य प्रदेश को दो गोल से हराया। आज शाम मेजबान झारखंड का मुकाबला बंगाल से होगा।

********समाप्त********